पाठकों के लिए

स्कूल बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव तैयार करते हैं. स्कूल में पढ़ाई के अलावा छ
अपना हुनर दिखाते हैं. यंगस्टर्स की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए यह

संपर्क करें : भारती जै

कृष्णाचंद्रपुर हाइ स्कूल

छात्राओं को लगाया गया सर्वाइकल कैंसर का टीका

दक्षिण 24 परगना जिले के कृष्णचंद्रपुर हाई स्कूल और रोटरी क्लब ऑफ कोलकाता के सहयोग से एक विशेष पहल की गयी. स्कूल की बालिकाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कैंपस में सरवाइकल कैंसर के टीके लगाये गये. इस अभियान में बेलूर रोटरी क्लब और नारायण अस्पताल, हावड़ा ने सहयोग किया. इस संयुक्त प्रयास में सुंदरबन के मथुरापुर, ब्लॉक नंबर एक के अंतर्गत कृष्णचंद्रपुर हाई स्कूल की सौ से अधिक छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाया गया. स्कूल की बालिकाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान की गयी. कृष्णचंद्रपुर हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं एडवांस्ड सोसायटी फॉर हेडमास्टर एंड हेडमिस्ट्रेस के सचिव चंदन मैती ने कहा कि हम अपनी छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए ऐसी पहल को वरीयता देते हैं, क्योंकि बेटियां स्वस्थ होंगी तो समाज आगे बढ़ेगा. इस मुहिम में नारायण अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सों, रोटरी क्लब के अधिकारियों और सदस्यों ने पूरा सहयोग दिया. बालिकाओं के माता-पिता ने भी स्कूल व रोटरी क्लब के इस प्रयास की काफी सराहना की.